आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 06.03.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पूरे वर्ष पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार राज्य के विकास को नई गति प्रदान कर रही है।
- ऊर्जा निगम, प्रदेश के 27 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के मार्च माह के बिजली बिलों में औसतन 1 रुपये 19 पैसे प्रति यूनिट की छूट प्रदान करेगा।
- **और,** राज्यपाल गुरमीत सिंह कल देहरादून स्थित राजभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

<u>पीएम उत्तरकाशी दौरा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड को पूरे वर्ष पर्यटन का केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। वे आज उत्तरकाशी के हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में शीतकालीन पर्यटन के महत्व का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अब राज्य में पूरे वर्ष पर्यटन का मौसम रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शीतकाल के दौरान राज्य का प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है लेकिन उसी समय होटल और होम स्टे खाली रहते हैं। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। उन्होंने राज्य में पर्यटन से जुड़े मूलभूत ढांचे के विकास का उल्लेख करते हुए चार धाम सड़क परियोजना और रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने 'घाम तापो पयर्टन' का जिक्र करते हुए देशभर के लोगों खासकर युवाओं से सर्दियों में उत्तराखंड आने का आह्वाहन करते हुए कहा कि सर्दियों में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा होता है, तो पहाड़ों में लोग धूप का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने देश के कॉरपोरेट से उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि कॉरपोरेट की मीटिंग, कांफ्रेंस, सेमिनार, एक्जीबिशन के लिए देवभूमि से अच्छी जगह नहीं हो सकती है।

<u>सीएम उत्तरकाशी दौरा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के चहुँमुखी विकास के साथ ही राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में प्रदेश को सदैव प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन व सहयोग

प्राप्त होता रहा है। श्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से सरकार राज्य के विकास को नई गति प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से न केवल शीतकालीन यात्रा को वृहद् स्तर पर बढ़ावा मिलेगा बल्कि सीमांत क्षेत्र में ट्रेकिंग और माउंटेन बाइकिंग के साथ ही दूसरी एडवेंचरस एक्टिविटीज को भी बढ़ावा मिलेगा।

## बिजली बिल

प्रदेश के 27 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के मार्च के बिजली बिल में ऊर्जा निगम की ओर से 137 करोड़ रुपये की छूट दी जा रही है। फ्यूल एंड पावर पर्चेज कास्ट एडजस्टमेंट के तहत उपभोक्ताओं को बिल में यह रियायत दी जा रही है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 95 पैसे तक की राहत मिलेगी। ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 2024—25 के लिए अनुमोदित विद्युत क्रय लागत के सापेक्ष बीते जनवरी की विद्युत क्रय में भारी बचत हुई। इस क्रम में ऊर्जा निगम उपभोक्ताओं को मार्च के विद्युत उपभोग पर जारी होने वाले बिलों में 1 रुपये 19 पैसे प्रति यूनिट औसत छूट प्रदान करेगा।

## वसंतोत्सव—2025

देहरादून स्थित राजभवन में कल से 9 मार्च तक तीन दिवसीय वसंतोत्सव— पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए उद्यान विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुष्प—प्रदर्शनी 7 मार्च को दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक और 8 व 9 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

इस आयोजन में 15 मुख्य प्रतियोगिताओं की कुल 55 उप—श्रेणियां शामिल हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इस आयोजन में आने वाले लोगों की गणना एआई एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए राजभवन के मुख्य द्वार पर एआई इनेबल कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा वसंतोत्सव में आने वाले आगंतुक वेबसाइट— अउेइनजनण्पजण्बवउ पर भी पंजीकरण कर सकते हैं।

## पौडी वनाग्नि

पौड़ी जिले में वनाग्नि रोकने के लिए अल्मोड़ा के शीतलाखेत मॉडल के तर्ज पर रानीगढ़ अदवाणी वनबंधु समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 30 गांवों के प्रधान व 28 वन सरपंचों को शामिल किया गया है। जिले के प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने कहा कि जन सहयोग से वनाग्नि पर नियंत्रण करने के लिए सभी विभाग भी सहयोग करेंगे।

**<u>होली</u>**

होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में अबीर, गुलाल और रंग की दुकानें सजने लगी हैं। बागेश्वर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी सरस मार्केट में अपने बनाए हर्बल अबीर–गुलाल की दुकान सजाई है। सरस मार्केट में महिलाओं की इस अनूठी पहल का जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने निरीक्षण कर उनके प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि हर्बल अबीर–गुलाल बनाकर महिलाएं लोगों को सुरक्षित होली खेलने का संदेश देने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बन रही हैं।